मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना

drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-vatsalya-yojana

चर्चा में क्यों?

02 अगस्त, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोरोना काल में **बेसहारा हुए बच्चों** के लिए **'मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना'** का विधिवत् शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री आवास स्थित जनता **दर्शन हॉल** में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने डीबीटी द्वारा योजना में चिह्नित बच्चों के बैंक खातों में 3-3 हज़ार रुपए की सहायता राशि ट्रांसफर की।
- इस योजना में आच्छादित बच्चों को **3 हज़ार रुपए प्रतिमाह** की आर्थिक सहायता **01 जुलाई, 2021 से 21 वर्ष** की आयु तक अनुमन्य की गई है। साथ ही इनके लिये नि:शुल्क राशन, नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था भी की जा रही है।
- ज़िलों के डीएम इन बच्चों की संपत्ति का संरक्षण करेंगे। अनाथ बच्चों के लिए नौकरियों में पाँच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है। सरकार इन बच्चों के कौशल विकास पर भी ध्यान देगी।
- 'मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना' के संचालन हेतु एमआईएस पोर्टल बनाया जा रहा है, जिसमें समस्त बच्चों का विवरण जनपदों द्वारा ऑनलाइन भरा जायेगा।
- इस योजना के तहत 01 अगस्त, 2021 तक जन्म से 21 वर्ष तक की आयु के कुल **2347 बालक/बालिका** चिह्नित किये गये हैं। योजना के शुभारंभ के अवसर पर प्रथम चरण में कुल 1062 बच्चों को लाभान्वित किया गया है।